## विधान सभा सचिवालय

## मध्यप्रदेश

## समाचार

### मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन में व्याख्यान देंगे

भोपाल, 10 सितंबर

11 से 13 सितंबर तक बैंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित होने जा रहे 11वां सीपीए (राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ) भारत क्षेत्र सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर "विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चाः जनविश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम" विषय पर व्याख्यान देंगे।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला गुरुवार को बेंगलुरु स्थित विधान सौध में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। विधान सौध में आयोजित किए जा रहे सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के सभापतियों/अध्यक्षों सहित पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। विदेशी संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के अध्यक्ष और महासचिव को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय के प्रमुख सचिव श्री ए.पी.सिंह एवं सचिव श्री अरविंद शर्मा भी सम्मिलित होंगे।

विस/ जसं/25

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव